पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
------

# क्यू.एस. साउथ एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों द्वारा उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने पर राज्यपाल ने दी बधाई

------

लखनऊ : 10 नवम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने क्यू.एस. साउथ एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों द्वारा उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश के तीन राज्य विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित क्यू0एस0 साउथ एशिया रैंकिंग 2024 में स्थान स्थान हासिल किया है।

ज्ञातव्य है कि हाल ही में जारी क्यू.एस. साउथ एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में प्रदेश के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को 219वीं रैंक, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ को 238वीं रैंक तथा दीनदयाल उपाध्याय विश्वविलय गोरखपुर को 258वीं रैंक हासिल हुई है। ये रैंकिंग समस्त दक्षिण एशिया के विश्वविद्यालयों की तुलना में हासिल हुई है, जो एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के उपरोक्त तीनों विश्वविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग में सर्वोच्च ग्रेड 'ए प्लस प्लस' प्राप्त है। ये विशेष उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण सुधार करने और नैक मूल्यांकन, एन.आई.आर.एफ. मूल्यांकन तथा क्यू.एस. वर्ल्ड यूनीवर्सिटी रैंकिंग, क्यू.एस. एशिया रैंकिंग जैसे विविध मूल्यांकनों हेतु उच्चतम ग्रेड की तैयारी के साथ अपना दावा प्रस्तुत करने के लिए न केवल प्रोत्साहित किया गया, अपितु युद्ध स्तर पर तैयारियों के व्यापक निर्देश और समीक्षा बैठकों से शिक्षण व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर में गुणवत्ताहपूर्ण सुधार भी कराए गए हैं। यहाँ बताते चलें कि इस बार क्यू.एस. की साउथ एशिया रैंकिंग में कुल 280 हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस ही रैंकिंग प्राप्त कर सके हैं।

राज्यपाल जी ने तीन विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त इस उपलब्धि को अन्य विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरक बताते हुए उन्हें भी क्यू.एस. रैंकिंग और एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग में बेहतर स्थान हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

---

डॉ. सीमा गुप्ता, सहायक निदेशक,
श्री कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361